प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

षोड्श बिहार विधान सभा का तृतीय सत्र दिनांक 04 अगस्त, 2016 को स्थगित हुआ था । इसके बाद लोक सभा सचिवालय से संसद के दोनों सदनों द्वारा यथापारित संविधान (एक सौ बाईसवाँ संशोधन) विधेयक, 2014 का अनुसमर्थन, बिहार विधान सभा से शीघ्रातिशीघ्र कराए जाने का अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ । फिर इस विधेयक के अनुसमर्थन किए जाने संबंधी संकल्प सभा में प्रस्तावित करने की इच्छा की सूचना के साथ कुछ अन्य राजकीय कार्य के निष्पादन हेतु सभा का उपवेशन बुलाने संबंधी पत्र सरकार से प्राप्त हुआ । एतदर्थ, आज का यह उपवेशन आहूत किया गया है ।

आज की बैठक में सर्वप्रथम बहुचर्चित एवं बहुप्रतीक्षित वस्तु एवं सेवाकर से संबंधित संविधान (122वाँ) संशोधन के अनुसमर्थन हेतु राजकीय संकल्प प्रस्तावित होगा, जिस पर आप अपना विचार एवं मत रखेंगे । उसके पश्चात बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2016 का व्यवस्थापन होगा । सदन की मर्यादा एवं अनुशासन के अनुरूप सूचीबद्ध कार्य निष्पादित करने में आपसबों का सहयोग अपेक्षित रहेगा ।

❄❄❄❄❄